>

Title: Need to carry out repair work of NH-86 and NH-26 passing through Sagar Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): महोदय, मध्य प्रदेश में दस राष्ट्रीय राजमार्ग हैं और ये सभी खराब स्थिति में हैं। इसको लेकर हमारी माननीय नेता प्रतिपक्ष, हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री और हम सब सांसद लगातार इस हाउस में मांग कर रहे हैं।

महोदय, आज मार्गों की हालत यह है कि हमारे यहां का सारा आवागमन बंद हो गया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में एनएच-86 और एनएच-26 है। एनएच-86 का मकरौनिया से लेकर छतरपुर के बीच का जो 80 किलोमीटर का मार्ग है, इस 80 किलोमीटर में कहीं भी अब रास्ता नहीं बचा है और लगातार वहां दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटना के कारण कई बच्चों की मृत्यु हो चुकी है। इसको ठीक कराने के लिए हम लगातार मांग कर रहे हैं। हमारी मध्य प्रदेश की सरकार की कैबिनेट ने यह प्रस्ताव पास किया है कि यदि भारत सरकार इन राष्ट्रीय राजमार्गों को नहीं बना सकती है तो इन्हें डीनोटिफाई कर दिया जाए। मध्य प्रदेश सरकार इन सारे मार्गों को बनाने के लिए तैयार है। न तो सरकार इनको डीनोटिफाई कर रही है और न इन मार्गों को बनाने के लिए पैसा दे रही है। इससे हमारे प्रदेश का सारा विकास रुक रहा है। हमारे यहां के लोगों को असुविधा हो रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि भारत सरकार तत्काल इस ओर ध्यान दे और हमारे यहां के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 86 और 26 के लिए बजट में धन का प्रावधान करे। मेरा निवेदन है कि आप सरकार को आदेश दें क्योंकि यह लोगों से जुड़ा हुआ प्रश्न है।

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): महोदय, मैं अपने आपको इस मामले से संबद्ध करता हूं।

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): महोदय, मैं अपने आपको इस मामले से संबद्ध करता हूं।

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): महोदय, मैं अपने आपको इस मामले से संबद्ध करता हूं।